# SAMPLE PAPER

Subject - Hindi

Class - XII

Time : 3.15 Hrs | Maximum Marks: 80

प्रश्न 1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए:– (16)

(1) निम्नलिखित में से कौन–सी भाषा पश्चिमी बोली में सम्मिलित है–
(अ) बागड़ी (ब) ब्रज (स) अवधी (द) भोजपुरी

(2) जनसंचार में ग्रामोफोन किस प्रकार का माध्यम है–
(अ) श्रव्य (ब) दृश्य (स) श्रव्य दृश्य (द) मुद्रित

(3) भाषा की सबसे छोटी इकाई का मौखिक रूप है–
(अ) शब्द (ब) पद (स) ध्वनि (द) वाक्य

(4) उल्टा पिरामिड शैली के कितने भाग होते हैं–
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पांच

(5) आलोक धन्वा का एकमात्र काव्य संग्रह है?
(अ) जनता का आदमी (ब) दुनिया रोज बनती है
(स) एकांत संगीत (द) आकुल अंतर

(6) निराला की रचना बादल राग उनके किस काव्य संग्रह से ली गई है–
(अ) अनामिका (ब) परिमल (स) गीतिका (द) इन दिनों

(7) क्या तुमने भाषा को सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा यह किसने पूछा–
(अ) कवि ने बात से (ब) बात ने कवि से (स) कवि ने मित्र से (द) बात ने भाषा से

(8) भगत जी चूरन से रोज कितने पैसे कमाते थे–
(अ) चार आने (ब) छ आने (स) छ रूपए (द) पांच आने

(9) लेखक को कुमार सुधार सभा का क्या बनाया गया था–
(अ) मंत्री (ब) सचिव (स) अध्यक्ष (द) उपमंत्री

(10) चांद सिंह अपनी टाइटल को सत्य प्रमाणित करने के लिए बीच–बीच में क्या करता था–
(अ) कुश्ती लड़ता (ब) चिंघाड़ता (स) दहाड़ता (द) चिल्लाता

(11) मूलत सामूहिक जीवनचार्य की एक रीति तथा समाज के सम्मिलित अनुभवों के आदान–प्रदान का नाम है–
(अ) दासता (ब) स्वतंत्रता (स) लोकतन्त्र (द) समता

(12) किशन दा ने यशोधर बाबू को कितने रूपए उधार दिए थे–
(अ) तीस (ब) दस (स) पचास (द) चालीस

(13) मोहनजोदड़ो में पूर्व की बस्ती किसकी बस्ती है–
(अ) गरीबों की (ब) रईसों की (स) बौद्ध भिक्षुको की (द) निम्न वर्ग की

(14) मास्टर सौंदलगैकर कौन सा विषय पढ़ाते थे–
(अ) गणित (ब) संस्कृत (स) मराठी (द) उर्दू

(15) जूझ कहानी के लेखक का नाम है–
(अ) उमाशंकर (ब) श्याम जोशी (स) आनंद यादव (द) ओम थानवी

(16) जूझ कहानी के लेखक को पढ़ाई से वापस जोड़ने में किसका महत्वपूर्ण योगदान रहा–
(अ) मंत्री मास्टर (ब) दत्ता जी राव देसाई
(स) वसंत पाटिल (द) सौंदलगैकर

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:– (6)

(1) मानव जाति के विकास में अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण साधन ............... है?
(2) प्रतिनियुक्ति के लिए अंग्रेजी शब्द .................... है?
(3) *Appendix* शब्द का हिंदी अर्थ .................... होता है?
(4) सूरज सिर पर आ गया है वाक्य में शब्द .................. शक्ति है?
(5) बिनु पद चले सुने बिनु काना पंक्ति में ................... अलंकार है।
(6) लोक सीमा सेपरे जाकर बहुत अधिक बात कह देना वहां ................... अलंकार होता है?

प्रश्न 3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (6)

उत्साह की गिनती अच्छे गुणों में होती है। परंतु जब तक आनंद का लगाव किसी क्रिया व्यापार या उसकी भावना के साथ नहीं दिखाई पड़ता तब तक उसे उत्साह की संज्ञा प्राप्त नहीं होती। यदि किसी प्रिय मित्र के आने का समाचार प्राप्त कर हम चुपचाप ज्यों–के–त्यों आनंदित होकर बैठे रह जाएं या थोड़ा हंस भी दे तो यह हमारा उत्साह नहीं कहा जाएगा। हमारा उत्साह तभी कहा जाएगा जब हम अपने मित्र का आगमन सुनते ही उठ खड़े होंगे। उससे मिलने के लिए दौड़ पड़ेंगे और उसके ठहरने आदि के प्रबंध में प्रसन्न मुख इधर–उधर आते जाते दिखाई देंगे। प्रयत्न और कर्म संकल्प उत्साह नामक आनंद के नित्य लक्षण है। प्रत्येक कर्म में थोड़ा या बहुत बुद्धि का योग भी रहता है। कुछ कर्मो में तो बुद्धि की तत्परता और शरीर की तत्परता दानों बराबर साथ–साथ चलती है उत्साह जिस प्रकार हाथ पैर चलवाती है उसी प्रकार बुद्धि से भी काम कराती है।

(1) उत्साह की संज्ञा कब तक प्राप्त नहीं होती है?
(2) उत्साह नामक आनंद के नित्य लक्षण क्या है?
(3) लेखक ने किसको उत्साह नहीं कहा है?
(4) बुद्धि शब्द में इक प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए?
(5) प्रस्तुत गद्यांश में से 'प्रस्थान' शब्द का विलोम शब्द चुनकर लिखिए?
(6) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?

प्रश्न 4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरः– (6)

ऊंची हुई मशाल हमारी
आगे कठिन डगर है,
शत्रु हट गया लेकिन उसकी
छायाओं का डर है।
शोषण से मृत है समाज
कमजोर हमारा घर है,
किंतु आ रही नई जिंदगी
यह विश्वास अमर है।
जन–गंगा में ज्वार,
लहर तुम, प्रवाहमान रहना
पहरूए सावधान रहना।

(1) डगर शब्द का अर्थ है?
(2) शोषण से मृत समाज का उद्धार कैसे हो सकता है?
(3) जन–गंगा में ज्वार कवि ने ज्वार किसे कहा है और क्यों?
(4) कमजोर हमारा घर है इसका तात्पर्य क्या है?
(5) यह विश्वास अमर है इस पंक्ति में कवि का क्या आशय है?
(6) पहरूए शब्द किसके लिए आया है?

निम्नलिखित लघुतरात्मक प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दिजियेः–

प्रश्न 5. टेलीविजन कैसा माध्यम है तथा टेलीविजन समाचार लेखन में किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? (2)

प्रश्न 6. 'कविता के बहाने' कविता का उद्देश्य लिखिए? (2)

प्रश्न 7. भक्तिन लेखिका के परिचितों और साहित्यिक बंधुओं की पहचान का स्मरण कैसे करती थी? (2)

प्रश्न 8. मोहनजोदड़ो सभ्यता की खेती के बारे मे लिखिए? (2)

प्रश्न 9. यशोधर बाबू के किस व्यवहार से लगा कि पुराने विचारों के होते हुए भी वह आधुनिकता से भी भली भाति परिचित थे? (2)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिएः–

प्रश्न 10. बल और शरीर की वृद्धि के साथ बुद्धि का परिणाम घटकर बच्चों की बुद्धि के बराबर ही रह गया था उसमें। 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए? (3)

अथवा

मनुष्य की क्षमता किन तीन बातों पर निर्भर करती है? लोगों के साथ किस आधार पर असमान व्यवहार किया जा सकता है? स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 11. हर बात के लिए कुछ खास शब्द नियत होते हैं ठीक वैसे ही जैसे हर पेंच के लिए एक निश्चित खांचा होता है 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर अपना मत लिखिए? (3)

अथवा

रामचरितमानस के लंका कांड से गृहीत लक्ष्मण की शक्ति बाण लगने का प्रसंग कवि की मार्मिक स्थलों की पहचान का एक श्रेष्ठ नमूना है 'लक्ष्मण मूर्छा और राम का विलाप' काव्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 12. सिंधु सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य बोध है जो राजपोषित या धर्म पोषित ना होकर समाज पोषित था 'अतीत में दबे पांव' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए? (3)

अथवा

लेखक का जीवन मास्टर सौंदलगेकर से प्रेरित एवं प्रभावित रहा। कैसे? स्पष्ट कीजिए। एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक की क्या भूमिका है?

प्रश्न 13. फीचर क्या है इसके चार प्रकार लिखिए? (3)

अथवा

'समाज में सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव' विषय पर आलेख लिखिए?

प्रश्न 14. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का कवि परिचय लिखिए? (3)

अथवा

धर्मवीर भारती का लेखक परिचय लिखिए?

प्रश्न 15. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः– (6)

शिरीष के फूलों की कोमलता देखकर प्रवृत्ति कवियों ने समझा कि उसका सब कुछ कोमल है। यह भूल है। इसके फल इतने मजबूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते है। जब तक नए फल पते मिलकर धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब त कवह डटे रहते हैं। वसंत के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं, मुझे इनको देखकर उन नेताओं की बात याद आती है, जो किसी जमाने का रूख नहीं पहचानते और जब तक नई पौध के लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं।

अथवा

अंधविश्वासों के खिलाफ तो तरकश में तीर रखकर घूमता रहता था। मगर मुश्किल यह थी। कि मुझे अपने बचपन में जिससे सबसे ज्यादा प्यार मिला वो थी जीजी। यू मेरी रिश्ते में कोई नहीं थी। उम्र में मेरी मां से भी बड़ी थी, पर अपने लड़के–बहू सबको छोड़ कर उनके प्राण मुझी में बसते थे। और वे थी उन तमाम रीति–रिवाजो तीज–त्यौहारों, पूजा–अनुष्ठानों की खान जिन्हें में अंधविश्वास कहता था, और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकना चाहता था। पर मुश्किल यह थी कि उनका कोई पूजा–विधान, कोई त्योहार–अनुष्ठान मेरे बिना पूरा नहीं होता था।

प्रश्न 16. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः– (6)

आंगन में लिए चांद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पर झूलाती है उसे गोद–भरी
रह–रह के हवा में जो लोका देती है
गूंज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हंसी
नहला के छलके–छलके निर्मल जल से
उलझे हुए गेरुओं में कंघी करके
किस प्यार से देखा है बच्चा मुंह को
जब घुटनियो में ले के है पिन्हाती कपड़े

अथवा

धूत कहो, अवधूत कहो, राजपूत कहो, जुलाहा कहो कोऊ।
काहू की बेटी सो बेटा ना ब्याहब, काहू की जाती बिगार न सोउ।।
तुलसी सरनाम गुलामू है राम को, जाकौ रूचे सो कहे कछु ओऊ।
मांगि के खैबो, मसीत को साइबो, लैबोको एकु न देवको दोऊ।।

प्रश्न 17. शासन सचिव शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आयुक्त माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को एक अर्द्धशासकीय पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय में छात्रों के शैक्षिक भ्रमण के आयोजन का उल्लेख हो? (4)

अथवा

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक हेतु 3000 पदों की भर्ती के लिए विज्ञप्ति लिखिए?

प्रश्न 18. निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिएः– (5)

(1) पर्यावरण प्रदूषण एक विकराल समस्या
(2) शिक्षा का आधुनिक स्वरूप
(3) भारतीय संस्कृति और गांव
(4) वर्तमान राजनिति में संवैधानिक मूल्यों का महत्व